मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–9, जनवरी 2013

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु ने पश्चिम बंगाल और झारखंड के डीलर्स को किया उत्साहित



बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड उन कंपनियों में है जो बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सीधे जमीनी स्तर पर जुड़े डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स से संवाद करने में यकीन रखती है।

इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 22 दिसंबर को कोलकाता भव्य चैनल पार्टनर्स मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री एस बी शर्मा, सीनियर जीएम, श्री अमित सोनी, एजीएम (बीपी) और श्री वी के श्रीवास्तव, जीएम, मार्केटिंग (पश्चिम बंगाल और झारखंड) शामिल हुए।

इस कार्यक्रम का आयोजन पश्चिम बंगाल में कामधेनु के अधिकृत लाइसेंस एग्रीमेंट के अंर्तगत स्टील उत्पाद निर्माता अलकनंदा स्पोंज लिमिटेड के सहयोग से किया गया था, जो कामधेनु की फ्रैंचाइजी लाइसेंस पार्टनर है। मीट में अलकनंदा स्पोंज लिमिटेड के निदेशक, श्री आनंद सरोगी, श्री विशाल सरोगी और श्री मुकेश भरूका ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल और झारखंड के 200 से ज्यादा डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर शामिल हुए।

इस मौके पर डीलर्स को प्रोत्साहित करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "पश्चिम बंगाल और झारखंड में कामधेनु इस्पात लिमिटेड सर्वोत्तम ब्रांड्स में शामिल हो गया है। कंपनी के उत्पादों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। कामधेनु ने पश्चिम बंगाल के बाजार में अच्छी खासी हिस्सेदारी हासिल कर ली है। ऐसे में अब उत्पादन क्षमता बढ़ाना जरूरी हो गया है।"


यह कार्यक्रम अलकनंदा स्पोंज लिमिटेड और कामधेनु इस्पात लिमिटेड की साझेदारी के 4 साल पूरे होने पर आयोजित किया गया था। इस मौके पर श्री आनंद सरोगी ने कहा, "अलकनंदा स्पोंज कामधेनु के मानकों के हिसाब से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का उत्पादन कर रही है। कामधेनु ने अपने प्रतियोगियों से कड़ा मुकाबला करते हुए राज्य में अपनी पहचान बनाई है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज पश्चिम बंगाल और झारखंड का नंबर वन ब्रांड है।"

**मैसर्स बिन्धयाचल आयरन के श्री अशोक शर्मा को पश्चिम बंगाल के लिए एवं मैसर्स पंकज इन्टरप्राईज के श्री संजय खैतान को झारखण्ड के लिए सर्वश्रेष्ठ डिस्ट्रीब्युटर्स का सम्मान दिया गया।**

कामधेनु के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि कंपनी की सफलता में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स की कड़ी मेहनत का अतुल्य योगदान है। इस अवसर पर डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स को कामधेनु ब्रांड को सर्वश्रेष्ठ बनाने में सहयोग करने पर उनको टाटा नैनो, फ्रिज, वॉशिंग मशीन देकर प्रोत्साहित किया गया।



# राजनाथ सिंह को फिर मिली भाजपा की कमान



राजनाथ सिंह को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष चुन लिया गया है। उन्हें 23 जनवरी को नितिन गड़करी की जगह पर अध्यक्ष बनाया गया। नितिन गड़करी ने नए अध्यक्ष के चुनाव के एक दिन पहले ही इस्तीफा दिया था।

नितिन गडकरी लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल थे। लेकिन चुनाव से ठीक एक दिन पहले मुंबई में पूर्ति समूह की कंपनियों के दफ्तरों में आयकर विभाग की जांच से मामला बिगड़ गया। पूर्ति समूह की कंपनियों में नितिन गडकरी के बेनामी निवेश का आरोप है। हालाँकि गडकरी इससे इनकार करते रहे हैं।

बीजेपी अध्यक्ष के तौर पर राजनाथ सिंह के सामने सबसे पहली चुनौती 9 राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे। इसमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और दिल्ली के चुनाव बीजेपी की प्रतिष्ठा से जुड़े हैं। एमपी और छत्तीगढ़ में बीजेपी पर सत्ता बचाने तो, दिल्ली और राजस्थान में सत्ता वापसी का दबाव होगा। इसके अलावा बीजेपी द्वारा यूपी में जान फूंकने के साथ 2014 में लोकसभा चुनावों में भी पार्टी को वापस सत्ता में लाना सबसे बडी चुनौती है।

## महंगा हुआ रेल सफर, डीजल भी हुआ महंगा



रेल मंत्रालय ने 10 साल बाद रेल किराया महंगा कर दिया है। रेलवे ने साधारण सेकेंड क्लास में किराया 2 पैसे से 4 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ा दिया है। वहीं स्लीपर क्लास में 6 पैसे प्रति किलोमीटर किराया बढ़ाया गया है।



एसी 3 श्रेणी और एसी चेयरकार में सफर करना 10 पैसे प्रति किलोमीटर महंगा हो गया है। वहीं एसी फर्स्ट क्लास में 3 पैसे और एसी टू श्रेणी में 6 पैसे प्रति किलोमीटर की अतिरिक्त बढ़ोत्तरी हुई है। बढ़े हुए किराये 21 जनवरी से लागू हो गए हैं।

दूसरी ओर सरकार ने पेट्रोलियम कंपनीयों को डीजल की कीमत बाजार भाव के मुताबिक तय करने की आजादी दे दी है। हालाँकि कंपनीयों से कहा गया है कि वे डीजल के भाव ज्यादा न बढ़ाएं। इसके तुरंत बाद कंपनीयों ने डीजल के दाम 50 पैसे प्रति लीटर बढ़ा दिए। हालाँकि थोक खरीदारों को बाजार भाव पर डीजल खरीदना होगा। वहीं दूसरी ओर सरकार ने आम आदमी को थोड़ा राहत देते हुए सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलेंडरों की संख्या साल में 6 से बढ़ाकर 9 कर दी है।




## फिर दौड़ी दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो

करीब 6 महीने बंद रहने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो सेवा दोबारा शुरू हो गई है। 22 जनवरी से नई दिल्ली से एयरपोर्ट रूट पर मेट्रो फिर से दौड़ने लगी है। हालाँकि इस बार मेट्रो की अधिकतम रफ्तार महज 50 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी, जबकि पहले मेट्रो की अधिकतम रफ्तार 105 किलोमीटर प्रति घंटे थी।

दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो का संचालन करने वाली कंपनी रिलायंस इंफ्रा ने कहा है कि धीरे–धीरे मेट्रो की रफ्तार बढ़ाई जाएगी। जल्दी ही इसे 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक ले जाया जाएगा। 105 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार के स्तर तक पहुंचने में अभी कुछ वक्त लगेगा।

ट्रैक और उसको सहारा देने वाले बियरिंग में खराबी की वजह से एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन पिछले वर्ष जुलाई में बंद कर दी गई थी। बाद में, इंजीनियरों ने पाया कि लाइन की सुरंगों के कुछ हिस्सों में काफी रिसाव था।

# पश्चिम बंगाल के कामधेनु पेंट्स डीलर्स की विज़ाग यात्रा




निर्माण सामग्री क्षेत्र की जानी–मानी कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई कामधेनु पेंट्स अपने साथ जुड़े डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को लगातार सहयोग और प्रोत्साहित करने के लिए जानी जाती है। कंपनी चाहती है कि डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के प्रदर्शन में लगातार सुधार हो। इसके लिए कामधेनु पेंट्स अपने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के हित में कदम उठाती रहती है।

पश्चिम बंगाल के कुछ चुने हुए डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स में नई ऊर्जा भरने के लिए कामधेनु पेंट्स उन्हें विज़ाग की सैर पर ले गई। समुद्र के किनारे बसा विशाखापत्तनम खूबसूरत समुद्री तटों एवं प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यह ट्रिप 23 से 25 जनवरी 2013 के बीच आयोजित की गई। इस ट्रिप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 50 से ज्यादा डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर शामिल हुए। विज़ाग ट्रिप में कामधेनु पेंट्स के डीएसएम, श्री गौतम चक्रवर्ती, श्री दीपक वर्मा, सीनियर एएसएम (पश्चिम बंगाल) और श्री रंजन रॉय, सीनियर एएसएम (पश्चिम बंगाल) भी शरीक हुए।



श्री गौतम चक्रवर्ती ने डीलर्स का उत्साह बढ़ाते हुए कहा, "पश्चिम बंगाल कामधेनु पेंट्स के लिए बेहद महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, जहाँ कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। कामधेनु पेंट्स के ब्रांड ने बाजार में एक खास पहचान बनाई है। कंपनी के शीन ए शाइन, इको फ्रेश, कामोमेंटेलिका जैसे बेहतरीन पेंट्स को पर्यावरण में सकारात्मक प्रभाव एवं उच्च गुणवत्ता के कारण ग्राहकों ने इसे हाथों हाथ लिया है। ***Colour Dreamz*** के पेंट सभी आय वर्ग की जरूरतों के हिसाब से बनाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में कामधेनु पेंट्स की पकड़ मजबूत करने में राज्य के डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स की कड़ी मेहनत का बड़ा योगदान है। विजाग यात्रा उनकी मेहनत के लिए कंपनी की ओर से शुक्रिया कहने का एक तरीका है।"

कामधेनु पेंट्स ने सभी डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को विज़ाग के होटल फॉर्च्यूव श्रीकन्या में ठहराया था। तीन दिनों की यात्रा के




दौरान डीलर्स ने राम कृष्ण बीच, सबमरीन म्युजियम, कैलाश गिरी, सिमचलम मंदिर जैसे दर्शनीय स्थलों की यात्रा की। इस दौरान डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने पूरे शहर में सैर सपाटे का भरपूर आनंद उठाया।

कामधेनु पेंट्स ने भरोसा दिलाया कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए भविष्य में भी इसी तरह की यात्राएं आयोजित की जाएंगी। कंपनी के डीलर्स ने भी उम्मीद जताई कि विजाग यात्रा से नई रचनात्मक ऊर्जा हासिल करके वो नए सिरे से कामधेनु पेंट्स को नई ऊंचाई पर पहुँचाने की कोशिश में जुट जाएंगे।

---

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री शीशराम गोरा
**मैसर्स बालाजी हार्डवेयर**
डेमथ्रींग, जोवाई रोड,
शिलांग, मेघालय
फोन – 0364–2231202
मो.– 9436104971

श्री अजीत जी पाटनी
**मैसर्स ए. एन. स्टील**
थांगल बाज़ार,
इम्फाल, मणिपुर
फोन – 0385–2451261
मो.– 9436036040

श्री इन्दर पाटनी
**मैसर्स महेश हार्डवेयर स्टोर्स**
ए. टी. रोड, जोरहाट टाउन,
जिला– जोरहाट, आसाम
फोन– 0376–2321861
मो.– 9401662768

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14



# कामधेनु ने भजन संध्या में भरे रंग




कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन श्री सतीश अग्रवाल और डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल के लिए 28 दिसंबर कुछ अलग ही रहा। इस दिन न कोई बोर्ड रूम की बैठक थी और न ही कंपनी की रणनीतियों पर चर्चा हो रही थी।

मौका था कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से भगवान श्री कृष्ण की नगरी वृंदावन में आयोजित भजन संध्या का। भजन संध्या 'रस बरसे–एक शाम पिया प्रीतम के नाम' के दौरान प्रख्यात भजन गायक श्री विनोद अग्रवाल जी ने उपस्थित श्रोताओं को आनंदित कर दिया।

भजन संध्या का आनंद उठाते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, "कॉर्पोरेट सफलता एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है। इसमें वित्तीय सफलता के साथ सामाजिक उपलब्धियों का भी मिश्रण होना चाहिए। कामधेनु इस्पात लिमिटेड पिछले 17 सालों से दोनों मोर्चों पर सफल रही है। किसी भी उद्यम की सफलता के लिए ईश्वर का आर्शीवाद बेहद जरूरी है। ऐसे में यह शाम ईश्वर की वंदना में समर्पित है।"

## कामधेनु इस्पात लिमिटेड

अपने सभी सदस्यों, डीलर एवं डिस्ट्रीब्युटर्स बन्धुओं तथा ग्राहकों को **नववर्ष 2013 की** हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती है।

भजन संध्या की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम से हुई। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन श्री सतीश अग्रवाल एवं निदेशक श्री सुनील अग्रवाल और कामधेनु की स्थानीय फ्रैंचाइजी के वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन श्री सतीश अग्रवाल ने मुख्य गायक श्री विनोद अग्रवाल का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने जो स्वर लहरिया बिखेरनी शुरु की तो उपस्थित दर्शक वृंद भक्ति के भाव में झूम उठे। इस कार्यक्रम में कामधेनु परिवार के 1000 से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर, ठेकेदार, मिस्त्री और ग्राहक शामिल थे।

श्री अमित सोनी, श्री चंदन गोस्वामी, श्री अमित शुरोठिया, श्री पंकज आजाद और कामधेनु इस्पात लिमिटेड के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री विनोद अग्रवाल जी और अन्य सभी गायकों को बेहतरीन भजन संध्या के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कंपनी के कर्मचारियों को भी कार्यक्रम सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com